हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, गुरुवार 2 मई 2024

12 श्रमिक दिवस पर जी लिट्रा वैली स्कूल ने सहयोगी कर्मचारियों को किया सम्मानित



12 जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने न्यायिक पदाधिकारियों का किया स्वागत



इस कटिंग के साथ सागर चाय 250 ग्राम का 1 रेपर नाम व पता के साथ भेजें। और हर महीने के आखिरी दिन 1 SUJATA JMG लक्की ड्रा में जीतने को सुनहरा मौका पाएं।
सागर चाय
MITTAL TRADING CO.
Jain Chowk, Bhiwani
Mob: 92152-43212

# प्रथम रेंडेमाइजेशन के आधार पर विधानसभा क्षेत्रों में भेजी ईवीएम: डीसी

## 25 अप्रैल को डीसी नरेश नरवाल की मौजूदगी में किया गया था ईवीएम का प्रथम रेंडेमाइजेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी नरेश नरवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव को जिला में निष्पक्षए पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला में सभी तैयारियां की हुई हैं। इसी कड़ी में 25 अप्रैल को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में जिला के प्रत्येक विधानसभा के लिए ईवीएम का प्रथम रेंडेमाईजेशन किया गया था। प्रथम रेंडेमाईजेशन के आधार पर विधानसभा.वाईज ईवीएम राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों व पुलिस की मौजूदगी में ईवीएम मशीनें संबंधित नोडल अधिकारियों को सौप दी गई हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी नरवाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा के निर्देशानुसार प्रथम रेंडेमाईजेशन किया गया था। रेंडेमाईजेशन के हिसाब से सहायक रिटनिंग अधिकारी 58.तोशाम विधान सभा सैगमैन्ट एवं उपमण्डल अधिकारी ना. तोशाम को ईवीएम सौप दी गई हैं। उन्होंने बताया कि तोशाम विधानसभा को अलॉट हुई 279 बीयू, 279 सीयू और 302 वीण्वीण्पैट सौप दी गई है। इसी प्रकार से सहायक रिटनिंग अधिकारी 54.लोहारू विधान सभा सैगमेन्ट एवं उपमण्डल अधिकारी ना लोहारू को अलॉट हुई 276 बीयू, 276 सीयू और 299 वीवी पैट सौप दी गई हैं। उन्होंने बताया कि सहायक रिटनिंग अधिकारी, 57.भिवानी विधान सभा सैगमैन्ट एवं उपमण्डल अधिकारी ना भिवानी द्वारा विधान सभा सैगमैन्टस में अलॉट हुई 264 बीयू 264 सीयू और 286 वीवी पैट सौप दी गई हैं। उन्होंने बताया कि सहायक रिटनिंग अधिकारी 59.बवानी खेड़ा अजा विधान सभा सैगमैन्ट एवं अतिरिक्त उपायुक्त, भिवानी को विधान सभा सैगमैन्टस में अलॉट हुई 274 बीयू 274 सीयू और 297 वीवीपैट सौप दी गई हैं।

### मशीनों की छंटनी कर विधानसभा.वाईज वितरण किया

डीसी ने बताया कि प्रथम रेंडेमाईजेशन की सूची के हिसाब से पुलिस बल व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम वेयर हाउस की वीडियोग्राफी करवाकर मशीनों की छंटनी कर विधानसभा.वाईज वितरण कर दी है। उन्होंने बताया कि जिला में मतदान के लिए 912 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इनमें 54.लोहारू विधानसभा क्षेत्र में 230 बूथ, 57.भिवानी विधानसभा क्षेत्र में 220 बूथ, 58.तोशाम विधानसभा क्षेत्र में 233 बूथ तथा 59. बवानीखेड़ा.एससी विधानसभा क्षेत्र में 229 बूथ बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि कुल 4402 इवीएम मशीने हैं, जिनमें 1914 बैलेट यूनिट, 1196 कंट्रोल यूनिट तथा 1292 वीवीपैट हैं, जिनका रेंडेमाइजेशन विधानसभा वाईज हुआ है। दूसरे रेंडेमाइजेशन में इन मशीनों को बूथ वाइज आवंटित किया जाएगा, भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के आरओ के स्तर पर किया जाएगा।

### रोड शो व रैलियों में आयोग के निर्देशों की पालना जरूरी

**चरखी दादरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा है कि लोकसभा आम चुनाव की नामांकन प्रक्त्रिया आरंभ होने के साथ ही चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों व राजनीतिक पार्टियों को चुनाव प्रचार के समय रोड शो और रैलियों के लिए चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा.निर्देशों की पालना करनी होगी। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार के लिए दोपहिया वाहनों का उपयोग यातायात नियमों के अनुसार ही करना होगा। सुरक्षा वाहन को छोड़कर 10 से 'यादा वाहनों के काफिले के चलने की अनुमति नहीं होगी। रोड शो के समय आधी सड़क पर आवाजाही की अनुमति होगी। रोड शो में पशुओं व बच्चों को शामिल करने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध होगा। इस दौरान पटाखे फोड़ने व हथियार लेकर चलने पर भी प्रतिबंध रहेगा। चुनाव प्रचार के दौरान सार्वजनिक मंचों पर या वाहनों पर लगाए गए लाउडस्पीकरों के प्रयोग पर रात 10 से प्रातरू 6 बजे तक प्रतिबंध रहेगा।

## खबर संक्षेप

### बिजली पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक कल

**भिवानी।** हरियाणा बिजली पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन जिला इकाई भिवानी की मासिक बैठक तीन मई शुक्रवार को प्रातः 10 बजे एसोसिएशन के प्रधान बालमुकुंद बापोड़ा की अध्यक्षता में नेहरू पार्क में होगी।

### महिला के साथ मारपीट आठ पर मुकदमा दर्ज

**लोहारू।** उपमंडल के गांव फरटिया भीमा में महिला के साथ मारपीट कर घायल करने और धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। लोहारू थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर तीन महिलाओं सहित आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### संयुक्त किसान मोर्चा के संगठनों की बैठक छह को

**लोहारू।** भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान मेवासिंह आर्य ने जारी प्रेस बयान में बताया कि आगामी छह मई को लाल बहादुर शास्त्री पार्क में संयुक्त किसान मोर्चा के सभी संगठनों की आवश्यक बैठक होगी, जिसमें लोहारू तहसील के किसान संगठनों के लोग हिस्सा लेंगे।

### मजदूर दिवस पर कानूनी जागरूकता शिविर

**तोशाम।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार व सचिव एवं सीजेएम कपिल राठी व एसडीजेएम देवेंद्र योद्धा के मार्गदर्शन में बुधवार को पंचायत घर तोशाम में मजदूर दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

### बीएसएम स्कूल का परिणाम रहा सराहनीय

**चरखी दादरी।** गांव बिगोवा में स्थित बीएसएम् वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शानदार रहा। इसमें विज्ञानं संकाय में प्रथम स्थान कोमल पुत्री विनय ,बिगोवा निवासी ने 488/500 ,97.60 , दूसरा स्थान निक्की पुत्री सुखबीर गांव नीमली ने 476/500ए 95.20 और तीसरा स्थान ममता पुत्री जयसिंह गांव बिगोवा ने 466/50, 93.20 हासिल किया ।

### केएम पब्लिक स्कूल में मनाया मजदूर दिवस

**भिवानी।** केएम पब्लिक स्कूल में मजदूर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें भगत सिंह सदन के विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्रा दिशा ने अंग्रेजी कविता तथा छात्र तुषार ने केदारनाथ अग्रवाल द्वारा रचित कविता के माध्यम से श्रम का महत्व बताया।

## सीटू व सकसं ने नेहरू पार्क में मनाया अन्तरराष्ट्रीय मजदूर दिवस

# मजदूर-किसान, कर्मचारी और आमजन ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

सीटू व सर्व कर्मचारी संघ जिला कमेटी ने नेहरू पार्क में इक्टठा होकर अन्तरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया व शहर में प्रदर्शन कर मजदूर-किसान, कर्मचारी व जनता विरोधी भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करने का संकल्प लिया। मई दिवस संकल्प सभा व प्रदर्शन की सयुक्त अध्यक्षता सीटू जिला प्रधान राममेहर सिंह व सकसं जिला प्रधान सुरजभान जटासरा ने किया। मंच संचालन सीटू जिला सचिव कामरेड अनिल, सकसं जिला सचिव सहदेव ने किया। कामरेड अनिल ने कहा कि काम के घण्टे व ट्रेड यूनियन अधिकारों के लिए 1886 में शिकागों में लाखों श्रमिकों ने प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन में शामिल श्रमिकों पर प्रशासन ने गोलिया चलाई थी, जिसमें दर्जनों श्रमिकों की मौत हुई थी, जिसके बाद ये आन्दोलन पुरी दुनिया में फैल गया था और पूंजीवादी सरकारों को श्रमिकों के लिए आठ घंटे ड्यूटी व अन्य श्रम कानून लागू किये थे। 1923 में चेन्नई में आर सिंगार वेलू के नेतृत्व में देश में मई दिवस मनाना शुरू किया था। आज की मौजूदा सरकार ने 44 श्रम कानूनों को खत्म कर 4 लेबर कोड लागू कर दिये हैं, जिसमें पूंजीपतियों को 12 घंटे काम लेने की छूट व हड़ताल जैसी लोकतांत्रित अधिकारों को भी खत्म किया जा रहा है। देश के सार्वजनिक संस्थाओं को कोडियों के भाव पूंजीपतियों को सौंपा जा रहा है। पक्का किये जाने व पैंशन के अधिकार को भी खत्म किया जा रहा हैं।




भिवानी। शहर में विरोध प्रदर्शन करते सीटू व सर्व कर्मचारी संघ के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### मंहगाई व बेरोजगारी चरम पर पंहुची

सीटू नेता व किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि भाजपा सरकार में मंहगाई व बेरोजगारी चरम पर पंहुच गई है। भाजपा सरकार ने चुनावी बॉड के माध्यम से 8 हजार करोड़ रुपये लिए हैं, जो पूरी दुनिया का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार हैं। सीबीआई व ईडी के माध्यम से विपक्ष को खत्म करने का षडयंत्र रचा जा रहा हैं।

### इन्होंने किया संबोधित

कार्यक्रम में सकसं नेता संदीप सांगवान, सुशील आलमपुर, सीटू नेता सुशीला सरोहा, सदीक डाडम, सुखदेव पालुवास, रत्नकुमार जिन्दल, राजबाला निनान, राजबाला शर्मा, मंगतू चांग, भगवानदास रिवासा, एटक नेता फुलसिंह इंदौरा, किसान सभा नेता रामफल देशवाल, जनवादी महीला समिति नेता बिमला घणघस, सन्तोष देशवाल, मास्टर वजीर सिंह, सज्जन कमार सिंगला, हुकमकौर व भगत सिंह आदि नेताओं ने विचार रखे।

# बोर्ड अध्यक्ष ने किया जिला, हिसार के अंकन केन्द्रों का औचक निरीक्षण

- वार्षिक परीक्षा-2024 की उत्तरपुस्तिकाओं का अंकन कार्य 27 अप्रैल से आरम्भ हो चुका है

हरिभूमि न्यूज, भिवानी



भिवानी। मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई गई सैकेण्डरी, शैक्षिक व मुक्त विद्यालय की वार्षिक परीक्षा-2024 की उत्तरपुस्तिकाओं का अंकन कार्य 27 अप्रैल से आरम्भ हो चुका है। सैकेण्डरी परीक्षा की उत्तरपुस्तिका के अंकन कार्य के लिए प्रदेशभर में 71 अंकन केन्द्र स्थापित किए गए है।

आज बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव द्वारा स्वंय जिला.हिसार के गुरू नानक देव कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टाऊन व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पटेल नगर तथा उप.मण्डल हाँसी के मुंशीराम मेवा देवी इन्टरनैशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्थापित अंकन केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। जहां अंकन कार्य निर्बाध व सुचारू रूप से चल रहा था। उन्होंने अंकन केन्द्रों पर अंकन कार्य से सम्बन्धित सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया, किसी भी केन्द्र पर किसी भी प्रकार की खामी नहीं पाई गई। बोर्ड अध्यक्ष ने सभी परीक्षकों को अंकन संबंधी कार्य के लिए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक अंकन केन्द्र पर एक.एक अधिकारी व कर्मचारी स्तर का ऑब्जर्वर पूरे समय के लिए नियुक्त किया हुआ है, जो अंकन कार्य की रिपोर्ट प्रतिदिन बोर्ड मुख्यालय पर स्थापित कंट्रोल रूम को भेज रहा है।

## नायब तहसीलदार ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**भिवानी।** लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रक्त्रिया सुचारू रखने के लिए बुधवार को नायब तहसीलदार रीतू पूनिया ने क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में स्थापित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने सम्बंधित मतदान केंद्र के बीएलओ को जरूरी निर्देश दिए। नायब तहसीलदार रीतू पूनियां ने अलखपुरा, खानक, किरावड़, गारणपुरा कलां व खुर्द, ढाणी किरावड़, तोशाम, भुरटाना,पिंजोखरा आदि गांवों का दौरा कर मतदान केंद्रों में आवश्यक सुविधाएं जांची। नायब तहसीलदार ने निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों के दरवाजे, खिड़किया सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। नायब तहसीलदार रीतू पूनियां ने बताया कि मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं व कार्यरत कर्मचारियों के लिए हर प्रकार की जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी ताकि मतदान प्रक्त्रिया सुचारू रूप से पूर्ण हो। उन्होंने केंद्रों पर सुविधाओं की जानकारी को लेकर हर जरूरी आवश्यकता का बारीकी से निरीक्षण किया।

## भिवानी.महेंद्रगढ़ से तीसरे दिन दो ने भरा नामांकन

**भिवानी।** भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लडऩे के लिए नामांकन के तीसरे दिन बुधवार को दो उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन आगामी 6 मई तक दाखिल किया जा सकता है। आवेदन पत्र कमरा नंबर 114 प्रथम तल लघु सचिवालय नारनौल में सुबह 11रू00 से लेकर शाम 3:00 बजे तक जमा किए जा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल ने भिवानी.महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता।

## दूसरी राज्य स्तरीय मुए थाई प्रतियोगिता भिवानी में होगी : राहुल

**भिवानी।** बैंक कालोनी स्थित दुर्गा स्पोर्टस एकेड़मी के प्रागण में मुए थाई स्पोर्टस एसोसिएशन.हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष राहुल राणा कि अध्यक्षता में एक मिटिंग का आयोजन किया गया । यह जानकारी देते हुए प्रदेश संघ के महासचिव सोमबीर वशिष्ठ ने बताया कि 3 मई से 4 मई तक भिवानी कि राजपूत धर्मशाला के हाल में दुसरी हरियाणा राज्य स्तरीय मुए थाई प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा । जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से लगभग 400 लड़के व लड़कियां भाग लेगीं । प्रदेशाध्यक्ष राहुल राणा ने बताया कि पहले यह प्रतियोगिता अम्बाला में आयोजित होनी थी , लेकिन किन्ही कारणों से वहां से जगह को बदल कर भिवानी करना पड़ा , राणा ने बताया कि जो खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता रहेगा वो खिलाड़ी आगामी 25 मई से 30 मई तक गुवहाटी में स्थित रानी लक्ष्मी बाई फिजिकल संस्थान में होगी । इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष व भिवानी जिला अध्यक्ष मुकेश तवंर , जिला सचिव शुभम शर्मा , कोच बिटू सावत्रा , कोच राकेश दिसोदिया , प्रिति कनोंरीया , लक्ष्मी राठी आदि रहे।

# शहर स्वच्छ बनाने में सबको करने होंगे प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हथौड़े के एक वार से चट्टान कभी नहीं टूटती, लेकिन बार-बार प्रयास करते रहने से हथौड़े की हर मार चट्टान पर दरार जरूर डालती है। उसी प्रकार शहर को स्वच्छ बनाने एवं स्वच्छता को कायम रखने के लिए सिर्फ एक व्यक्ति के प्रयास नाकाफी है, इसके लिए प्रत्येक जन को हररोज प्रयास करने होंगे, उसके पश्चात ही आने वाली पीढ़ियां स्वच्छता के सही मायने समझ पाएगी। ये बात पार्षद अंकुर कौशिक ने बुधवार को श्रीश्याम वेस्ट मैनेजमेंट प्राईवेट लिमिटेड एवं पार्षदों द्वारा शहर में चलाए स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान के दौरान कही। पार्षद अंकुर ने बताया कि नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने को श्रीश्याम वेस्ट मैनेजमेंट प्राईवेट लिमिटेड एवं पार्षदों ने संयुक्त रूप से शहर में जागरूकता अभियान चलया, जिसके तहत नागरिकों को अपने आस-पास के माहौल को साफ-सुथरा रखने, कचरा इधर-उधर फेंकने की बजाय घर के पास आने वाली कचरा गाड़ी में डालने, बच्चों को स्वच्छता का महत्व बताने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि किसी गली या महोल्ले में कचरा गाड़ी नहीं आती है तो वह 18002031371 पर सूचना दें सकते है। पार्षद अंकुर ने कहा कि शहर को स्वच्छ रखना सिर्फ सरकार या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, प्रत्येक शहरवासी को अपनी सकारात्मक भूमिका अदा करनी होगी, तभी सही मायने में शहर को साफ-सुथरा एवं स्वच्छ बनाया जा सकता हैं।



पार्षदों एवं श्रीश्याम वेस्ट मैनेजमेंट प्राईवेट लिमिटेड ने चलाया स्वच्छता जागरूकता अभियान

## चुनावी डयूटी में तैनात अधिकारी व कर्मियों को फार्म 12डी भरना जरूरी

**चरखी दादरी।** चुनाव में ड्यूटी पर तैनात किए गए सभी कर्मचारी व अधिकारियों को वोट डालने के लिए फार्म 12डी भरकर जमा करवाना होगा। जिला सैनिक बोर्ड कार्यालय के कमरा नंबर 4 में 3 मई तक फार्म जमा करवाया जा सकता है। इस सहायता केन्द्र से फार्म 12डी प्राप्त भी किए जा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार डयूटी पर रहने वाले और आवश्यक सेवाओं में लगे प्रत्येक कर्मचारी को फार्म 12डी भरना अनिवार्य है। इस कार्य में वे किसी भी प्रकार की कोताही न बरते व चुनाव आयोग के निर्देशों की पालना करें। फार्म भरने के बाद जिला सैनिक बोर्ड कार्यालय के कमरा नंबर 4 में 3 मई तक जमा भी करवाना है।



लोहारू। छात्रा सुखसीमा को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य व परिजन।

## बुढ़ेड़ा की सुखसीमा ने हासिल किए 479 अंक, स्टाफ ने किया सम्मानित

**लोहारू।** उपमंडल के गांव अमीरवास के एचआरएम स्कूल की सुखसीमा ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में विज्ञान संकाय में 500 में 479 अंक हासिल कर अव्वल स्थान हासिल किया है, जिसके लिए प्राचार्य जोगेंद्र सांगवान और स्टाफ सदस्यों ने छात्रा को मिठाई खिलाकर बधाई दी और छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य जोगेंद्र सांगवान ने बताया कि 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है तथा सुखसीम ने प्रथम स्थान जीता। उन्होंने बताया कि छात्रा प्रीति, स्नेहा, स्वीटी, तनूजा, रवीना, अंतिम, गरिमा जाटू, लक्ष्मी, रवीना, स्नेहा, विकास, अंकित, आशीष, दीपेश, देवेन, गौतम, पंकज, प्रवेश, साहिल, विकास, विनय सहित अनेक विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान हासिल किया है।

कार्यक्रम | दो.दो क्लासों के बच्चों को पढ़ा रहा है एक टीचर

# टीचर एक, तीन जगह डयूटी, कैसे होगा पूरा टारगेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

एक टीचर, तीन जगहों पर डयूटी तो कैसे कर पाएगा। यह स्थिति एक स्कूल नहीं बल्कि अधिकांश प्राइमरी स्कूलों में बनी है। टीचरों की डयूटी फैमिली आईडी, बीएलओ व प्रशिक्षण शिविरों में लगने की वजह से सरकारी स्कूलों का सारा सिस्टम गड़बड़ा गया है। शिक्षक कौन से कार्यक्रम में जाए। टीचरों की कमी के चलते अब हालात ये बने है कि एक.एक टीचर को दो.दो क्लासों को पढाना पड़ रहा है। टीचरों की कमी के चलते बच्चों की पढाई तो प्रभावित हो रही है साथ में स्कूलों में बच्चों के दाखिले भी अटक रहे है।



बताते है कि शिक्षा विभाग ने जेबीटी टीचरों को प्रशिक्षण देने का कार्य भी शुरू कर दिया है। शिक्षकों को प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को पढ़ाने व अन्य जानकारी दी जा रही है। ताकि बेहतरीन तरीके से शिक्षा का स्तर सुधारा जा सके। इसके लिए ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन हो रहा है। वहीं कुछ शिक्षकों की पहले से ही बीएलओ के पद पर डयूटी लगाई है। उन शिक्षकों को अपने अपने बूथों पर वोट बनाए जाने व अन्य जानकारी हासिल करने के निर्देश दिए है। इसी तरह अनेक शिक्षकों पर फैमिली आईडी का जिम्मा है। उनको हर परिवार की फैमिली आईडी में आई त्रुटियों को दूर करना पड़ रहा है। नई फैमिली आईडी भी तैयार करवाई जा रही है। जिसमें शिक्षक व्यस्त है। तीन जगहों पर शिक्षकों की डयूटी होने की वजह से बच्चों की शिक्षा प्रभावित होना लाजिमी है। क्योंकि आधे से ज्यादा शिक्षकों को इसी तरह के कार्य करने पड़ रहे है। जिसके चलते दो.दो क्लासों को इक्कठा करके एक ही शिक्षक पढा रहा है। 54 शिक्षकों को नहीं मिली है तनख्वाह बताते है कि शिक्षकों की समस्या का अंत यही नहीं हुआ। विगत में अनेक जेबीटी टीचरों को ईधर उधर किया था। शिक्षकों ने पुराने स्कूल से विदाई ली और नए स्कूल में ज्वाइन किया। पर आज तक उनका एचआरएमएस पोर्टल के ई.पोस्टिंग पर नियुक्ति नहीं मिली है। इस तरह के करीब 54 शिक्षक है। ई पोस्टिंग न मिलने की वजह से आधे टीचरों को 15 दिन का पूराने स्कूल में काम करने का वेतन और बाकी शिक्षकों को पूरे मार्च माह का वेतन नहीं मिल पाया है।

### शिक्षकों से अन्य कार्य न करवाए जाएं: चाहर

हरियाणा राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चाहर ने बताया कि शिक्षकों की स्कूलों के अलावा अन्य कई कार्यों में डयूटी लगाई जा रही है। एक शिक्षक से बीएलओ, फैमिली आईडी व प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के आदेश भी दिए जा रहे है। जिसकी वजह से उनका पढाई का कार्य पूरी तरह से बाधित हो रहा है। उन्होंने विभाग से शिक्षकों से केवल पढाई का ही कार्य लेने का आहवान किया। ताकि बच्चों की पढाई को सुचारू रूप से चलाया जा सके।

